हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

04 शराब ठेका हटाने की गुहार लेकर पहुंची महिला पर भड़के मंत्री...



07 अब कचरे पर सियासतः एमआरएफ सेंटर के निर्माण का विरोध...



खबर संक्षेप

इछावर ने सीहोर को 2-0 से हराया



सीहोर। जिला लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह एवं खेल भावना के साथ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी एवं जिला फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी जितेंद्र तिवारी ने फुटबॉल में किक मारकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। जितेंद्र तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला लीग फुटबॉल प्रतियोगिता जिले के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच है। यह प्रतियोगिता हमारी अपनी है और इसके माध्यम से जिले की एक मजबूत फुटबॉल टीम तैयार की जाएगी। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी पूरी खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लें तथा अपने प्रदर्शन से सीहोर जिले का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला इछावर और सीहोर की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में इछावर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीहोर को 2-0 से पराजित किया। इछावर की ओर से दो गोल किए गए, जबकि सीहोर की ओर से हर्ष ने एक गोल किया। (स्कोर और गोल संबंधी विवरण में उपलब्ध जानकारी के अनुसार सुधार आवश्यक हो सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ी राकेश पंक्ति, आनंद उपाध्याय, राहुल ठाकुर, अरुण राठौर, मनोज अहिरवार, मयूर उपाध्याय एवं मनोज जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। आयोजकों के अनुसार अगले दिन इछावर और सीहोर बॉयज के बीच मुकाबला होगा, जबकि इसके बाद सीहोर क्लब सी की टीम मैदान में उतरेगी।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता काशीबाई का निधन
पैतृक गांव जैत में अंतिम यात्रा में सीएम मोहन भी हुए शामिल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, विधानसभा अध्यक्ष तोमर समेत कई दिग्गज रहे मौजूद



सीहोर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशीबाई का शुक्रवार सुबह भोपाल के एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया, वे करीब 76 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव जैत और पूरे राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। शुक्रवार दोपहर उनके पैतृक गांव जैत में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

बताया जा रहा है कि स्वर्गीय काशीबाई पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं और भोपाल के साकेत नगर स्थित निवास पर रह रही थीं। सांस लेने में गंभीर परेशानी बढऩे के कारण उन्हें करीब एक सप्ताह पहले भोपाल एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली।

शिवराज सिंह चौहान ने रद्द किए सभी कार्यक्रम : माता के निधन की दुखद सूचना मिलते ही केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने सभी पूर्व निर्धारित सरकारी और राजनीतिक कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए। उन्हें शुक्रवार को रायसेन जिले में एक बड़े किसान सम्मेलन में शामिल होना था, जिसे उन्होंने तुरंत निरस्त कर दिया और सीधे अपने पैतृक गांव जैत के लिए रवाना हो गए।





अंतिम संस्कार में शामिल हुए मुख्यमंत्री : केंद्रीय मंत्री की माता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए प्रदेश के कई बड़े नेता जैत गांव पहुंचे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हेलीकॉप्टर द्वारा बुधनी के डोबी हेलीपैड पहुंचे और वहां से सडक़ मार्ग से जैत गांव पहुंचकर दिवंगत माता काशीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा और संस्कार के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रेप कैमरों में हुए कैद, लगातार सर्चिंग कर रहा वन अमला, अब भी लगा रखे हैं कैमरे

खेत पर बंधी गाय का शिकार करने वाला जानवर
बाघ या तेंदुआ नहीं, सीसीटीवी में दिखा सियार

सत्य सांई कॉलेज के पास किसान सन्नी यादव और मनीष यादव के खेत पर बने कुएं के पास एक गाय बंधी हुई थी। जिसका जंगली जानवर में शिकार कर लिया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सत्य सांई कॉलेज के पास स्थित खेतों में जंगली और हिंसक जानवर की आमद ने दहशत फैला रखी है। किसानों और रहवासियों को डर था कि शायद इलाके में कोई खूंखार बाघ या तेंदुआ घूम रहा है, लेकिन वन विभाग की जांच और ट्रैप कैमरों के फुटेज सामने आने के बाद एक बड़ा खुलासा हुआ है। कैमरों में बाघ या तेंदुआ तो नजर नहीं आया, बल्कि सियार दिखाई दिया है जो मृत गाय के आसपास मंडरा रहा था।

बता दें सत्य सांई कॉलेज के पास स्थित किसान सन्नी यादव और मनीष यादव के खेत पर बने कुएं के पास एक गाय बंधी हुई थी। किसान भाईयों ने बताया कि गुरुवार रात करीब 3 बजे तक



गाय बिल्कुल सुरक्षित और ठीक थी, लेकिन तडक़े 4 से 5 बजे के बीच उस पर किसी हिंसक जानवर ने अचानक हमला कर दिया। जब सुबह किसान दोबारा नींद से जागे तो उन्होंने देखा कि गाय मृत पड़ी है और उसका चेहरा तथा चमड़ी पूरी तरह से नोंची हुई है। आसपास जंगली जानवर के पगमार्ग भी मिले, जिससे यह साफ हो गया कि किसी वन्यजीव ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

एक खेत से दूसरे खेत तक पहुंचा जानवर

गुरुवार को मनीष यादव के खेत पर इस घटना को अंजाम देने के बाद यह अज्ञात जानवर शुक्रवार सुबह यह ठीक बाजू के ही पड़ोसी किसान लखन कुशवाह के खेत तक जा पहुंचा। खेतों में इस तरह लगातार हो रही हलचल से किसानों की नींद उड़ गई है।

ट्रैप कैमरे में निकला सियार

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तुरंत हरकत में आ गया और मौके पर पहुंचकर सर्चिंग की। सुरक्षा के मद्देनजर वन विभाग की टीम ने तुरंत सर्चिंग शुरू की और वहां ट्रैप कैमरे स्थापित कर दिए। जब वन अमले ने शुक्रवार को इन कैमरों की फुटेज को चेक किया तो उसमें बाघ या तेंदुआ नहीं दिखा, बल्कि एक सियार नजर आया जो मृत गाय के इर्द-गिर्द घूम रहा था। वन विभाग के डिप्टी रेंजर विजय कसोटिया ने बताया लगाए गए कैमरों में सियार दिखाई दिया है। हालांकि एहतियात के तौर पर अभी भी उस इलाके में कैमरे लगे हुए हैं और वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग और सर्चिंग कर रही है।

छात्र-छात्राओं में डर का माहौल

यह पूरा मामला सत्य सांई कॉलेज के बिल्कुल पास का है। इस संवेदनशील क्षेत्र की सबसे बड़ी चिंता यह है कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए आते हैं। कॉलेज कैंपस के नजदीक खुले खेतों में इस तरह मवेशियों का शिकार होने और जंगली जानवरों के एक खेत से दूसरे खेत तक बेखौफ घूमने से विद्यार्थियों और उनके माता-पिता की चिंताएं बढ़ गई हैं। बता दें करीब एक महीने पहले ही अवधपुरी क्षेत्र में भी बाघ की दस्तक ने लोगों की सांसे अटका दी थीं, जिसके चलते रहवासी इलाकों में वन्यजीवों की बढ़ती आमद से आम जनता में दहशत का माहौल है।

वार्ड 4 में 13 लाख रुपए की लागत से बनेंगी दो पेवर ब्लॉक सड़कें, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया भूमि-पूजन

सीहोर। शहर के विकास को गति देने और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 4 स्थित जयंती कॉलोनी के सामने लगभग 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो पेवर ब्लॉक सड़कों का विधिवत भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया।

इन दोनों सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस कर रहे नागरिकों को राहत मिलेगी।

इन दो मार्गों का होगा निर्माण : प्रथम सड़क का निर्माण जूडियो से लेकर अरविंद राय के मकान तक किया जाएगा। वहीं दूसरी सड़क नेहा आर्ट गैलरी से लेकर पुरुषोत्तम मीणा के मकान तक बनाई जाएगी। दोनों सड़कों का निर्माण लगभग 13



लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक के माध्यम से कि या जाएगा। नगर पा लि का अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड का समान रूप से विकास करना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि शहर के किसी भी वार्ड में विकास कार्यों की कमी न रहे। सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परिषद निरंतर कार्य कर रही है। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि विकास केवल बड़े प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं होता, बल्कि वार्डों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। हमारा संकल्प है कि सीहोर शहर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और विकसित शहर बनाया जाए। जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरते हुए हम लगातार विकास कार्यों को धरातल पर उतार रहे हैं। आने वाले समय में भी शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को गति दी जाएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राजेश माझी, कमलेश राठौर सहित वार्ड क्रमांक 4 के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

गगन जन सेवा समिति करेगी 1 नवंबर को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लगभग 55 विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे सेवाएं, विभिन्न प्रकार की जांच एवं उपचार सुविधाएं रहेंगी निःशुल्क

सीहोर। आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गगन जन सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 1 नवंबर, रविवार को विशाल निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मोदी मांगलिक भवन, एमपीई वी चौराहे के पास, सीहोर में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में लगभग 55 विशेषज्ञ चिकित्सकों की सहभागिता रहेगी। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं कैंसर सर्जन, न्यूरो फिजिशियन, जनरल फिजिशियन, चर्म रोग विशेषज्ञ, किडनी रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

इसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ फिजियोथैरेपिस्ट भी शिविर में उपस्थित रहेंगे, ताकि मरीजों को विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन मिल सके। शिविर में मरीजों के लिए अनेक प्रकार की जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी, जिनमें प्रमुख रूप से हृदय की इकोकार्डियोग्राफी जांच, एक्स-रे जांच, ईसीजी जांच, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड शुगर की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच, आंखों की जांच एवं पात्र जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मे, कानों की जांच एवं ऑडियोमेट्री मशीन से सुनने की क्षमता की जांच, पात्र जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क श्रवण यंत्र (कान की मशीन) उपलब्ध कराने की सुविधा दी जाएगी। समिति का उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद नागरिकों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सके। गगन जन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सीहोर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के इच्छुक नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपना पंजीयन कराने के लिए प्रातः 10 बजे शिविर स्थल पर पहुंचें। पंजीयन के पश्चात चिकित्सकों से परामर्श एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व 6 नवंबर से शुरु होकर 11 नवंबर तक मनेगा

प्रदोष काल और स्थिर लग्न के स्वाती नक्षत्र में 8 को मनाई जाएगी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्ष दीपोत्सव 6 नवंबर शुक्रवार से 11 नवंबर बुधवार तक मनाया जाएगा। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार कार्तिक मास में 1 ब 2 नवंबर को पुष्य नक्षत्र रहेगा। पुष्य नक्षत्र की समय अवधि में बर्तन, वस्त्र ,आभूषण व वाहन खरीदना श्रेष्ठ माना गया है इसलिए इस अवधि में अधिकतम वस्तु खरीदी जाती है। शुक्रवार 6 नवंबर को हस्त नक्षत्र प्रदोष व्रत में धनतेरस के साथ दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ होगा और इस दिन भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई जाएगी ताकि पूरे वर्ष सुख सौभाग्य और आरोग्यता बनी रहे। धनतेरस के दिन नवीन वस्तुएं खरीदने की परंपरा है। शनिवार 7 नवंबर को चित्रा नक्षत्र में नरक चतुर्दशी रहेगी इस दिन को छोटी दिवाली भी कहते हैं।



पंडित सुनील शर्मा के अनुसार 8 नवंबर रविवार को स्वाती नक्षत्र में दीपावली मनाई जाएगी। 8 नवंबर रविवार को सुबह 10:23 से 9 नवंबर सोमवार को सुबह 11:01 तक अमावस्या तिथि रहेगी। शास्त्र मान्यता अनुसार प्रदोष काल में अमावस्या तिथि का होना श्रेष्ठतम माना गया है इसलिए रविवार शाम को भगवान शिव शक्ति नंदन प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश, माता सरस्वती, माता लक्ष्मी, भगवान कुबेर आदि देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी दीपावली के दिन भूमि भवन दुकान व नई योजनाओं का शुभारंभ श्रेष्ठतम है इस दिन श्री यंत्र की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। सोमवार 9 नवंबर को स्नानदान सोमवती अमावस्या रहेगी अमावस्या को मुख्यतः पितरों की पूजा होती है।

9 नवंबर सोमवार को प्रतिपदा एकम तिथि सुबह 11:02 से प्रारंभ होकर 10 नवंबर मंगलवार को दोपहर 12:09 तक रहेगी। उक्त समय अवधि के उदिया तिथि में गौमाता पूजन, गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार इस दिन गौमाता के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विशेष पूजा अर्चना की जाती है। 11 नवंबर मंगलवार को सर्वार्थ सिद्धि योग अमृत सिद्धि योग रहेगा इस दिन अनुराधा नक्षत्र में भाई दूज पर्व मनाया जाएगा बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी सफलता और सुख समृद्धि की कामना करती हैं इस दिन यमुना में स्नान का विशेष धार्मिक है।

जनजातीय विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार MPTAAS पोर्टल पर छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थी निर्धारित अवधि में अपने आवेदन कर सकेंगे। साथ ही संबंधित संस्थाओं को प्राप्त सभी नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा के बाद किसी भी लंबित प्रकरण के ऑफलाइन निराकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।

समय-सीमा में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन नहीं हो पाने की स्थिति में संबंधित संस्था के प्राचार्य की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। यह जानकारी जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग, जिला सीहोर द्वारा दी गई।

खबर संक्षेप

बाढ़ व जल आपदा से बचाव की तकनीकों का कराया अभ्यास

सीहोर। जिला होमगार्ड लाइन में आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के छठे दिन प्रतिभागियों को जामुनिया तालाब पर वॉटर रेस्क्यू एवं बोट हैंडलिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कमांडेंट नीलमणि लड़िया के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में कंपनी कमांडर अशोक पाटीदार, महेंद्र वर्मा एवं एएसआई सी.एस. चंदेरिया ने आपदा मित्रों को जल आपदा एवं बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रेस्क्यू बोट खोलने, जोड़ने एवं तैयार करने, बोट हैंडलिंग तकनीकी एवं चप्पू की सहायता से नाव का संचालन करने तथा पानी में डूब रहे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। साथ ही बाढ़ जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी बचाव कार्य करने के तरीके भी सिखाए गए।

पदयात्रा में देवास से शामिल होंगे कार्यकर्ता

देवास। इंदौर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा आयोजित होगी। इस पदयात्रा में देवास जिले से लगभग 30 हजार पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होकर हुंकार भरेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने बताया किपांचों विधानसभा क्षेत्रों से करीब 30,000 लोग हिस्सा बनने इंदौर पहुंचेंगे।

गांव की महिलाओं ने मांगी शराब ठेके से मुक्ति, मंत्री ने उलटे पति को जेल भिजवाने की दे दी धमकी

शराब ठेका हटाने की गुहार लेकर पहुंची महिला पर भड़के मंत्री, बोले: पति को थाने में बंद करवा देंगे

योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना और जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण अभियान का प्रमुख उद्देश्य : मंत्री करण सिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





गांव में शराब ठेके से परेशान महिलाओं को उम्मीद थी कि जनविश्वास कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री उनकी आवाज सुनेंगे और शराब दुकान हटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश देंगे, लेकिन शिकायत लेकर पहुंची महिला को कथित तौर पर राहत के बजाय ऐसी प्रतिक्रिया मिली, जिसने पूरे कार्यक्रम को सवालों के घेरे में ला दिया। महिला की फरियाद सुनते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का गुस्सा सामने आया और उन्होंने महिला के पति को बंद करवाने की बात कह दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

शराब दुकान से परेशान महिलाओं ने मंत्री के सामने उठाई आवाज

मामला सीहोर विकासखंड के ग्राम महोड़िया में आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के जिला स्तरीय शिविर का है। यहां प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ग्रामीणों से संवाद करने और उनकी समस्याएं सुनने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव की महिलाएं शराब ठेके से होने वाली परेशानियों की शिकायत लेकर मंत्री के पास पहुंचीं। महिलाओं ने गांव में संचालित शराब दुकान को हटाने अथवा बंद कराने की मांग उठाई। उनका कहना था कि शराब दुकान के कारण गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। आए दिन विवाद की स्थिति बनती है और शराबखोरी के चलते कई परिवारों को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

समाधान मांगने पहुंची महिला को मिला पति को बंद कराने का जवाब

महिलाओं को उम्मीद थी कि मंत्री उनकी समस्या को गंभीरता से सुनेंगे और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को शराब ठेके के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देंगे। लेकिन वायरल वीडियो में मंत्री करण सिंह वर्मा महिला की बात पर नाराजगी जताते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मंत्री महिला से उसके पति को बंद करवा देने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं। मंत्री के इस कथित जवाब के बाद अब यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। जिस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना था, उसी कार्यक्रम में फरियाद लेकर पहुंची महिला के साथ हुए इस संवाद पर सवाल उठ रहे हैं।

मंच पर मौजूद रहे जिले के आला अधिकारी

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष नावडी बाई बारेला, एसडीएम तन्मय वर्मा, जनपद सीईओ नमिता वघेल, पंकज गुप्ता, सूरसिंह बारेला सहित जिले के अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। महिलाओं की शिकायत और मंत्री की प्रतिक्रिया के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी भी चर्चा में है। हालांकि वायरल वीडियो में सामने आए घटनाक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई अलग प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं है।

जनविश्वास कार्यक्रम के उद्देश्य पर उठे सवाल : मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में मंत्री करण सिंह वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने भी ग्रामीणों से उनकी मांगों और समस्याओं पर चर्चा की। लेकिन शराब ठेका हटाने की मांग लेकर पहुंची महिला के साथ हुए संवाद ने कार्यक्रम की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि गांव की महिलाओं की शराब दुकान हटाने की मांग पर प्रशासन क्या कार्रवाई करेगा? क्या आबकारी विभाग गांव की स्थिति का परीक्षण कर महिलाओं की शिकायत पर कोई ठोस निर्णय लेगा या यह मामला वायरल वीडियो तक ही सीमित रह जाएगा? फिलहाल वायरल वीडियो के बाद पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा तेज है।

सीएसपी व एसडीएम ने पटाखा दुकानों व गोदामों का संयुक्त निरीक्षण किया सुरक्षा व्यवस्था के दिए सख्त निर्देश



सीहोर। दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा एवं एसडीएम तन्मय वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से कोतवाली एवं मंडी क्षेत्र में पटाखा विक्रेताओं की दुकानों तथा उनके गोदामों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दुकानों के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, अग्निशमन यंत्र, रेत-बाल्टी, पानी की व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। विक्रेताओं को पटाखों का भंडारण सुरक्षित तरीके से करने, दुकान के आसपास ज्वलनशील पदार्थ न रखने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सावधानी बरतने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा विक्रेताओं को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कार्बाइड गन / कार्बाइड लैंप का निर्माण, क्रय-विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है, यदि कोई व्यक्ति कार्बाइड गन बनाते, बेचते अथवा उपयोग करते पाया गया तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा ने पटाखा विक्रेताओ एवं दुकानदारों से भी अपील की है कि कहीं भी कार्बाइड गन बनती या बिकती दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

सड़क पर अतिक्रमण से ग्रामीण परेशान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भैरुंदा। ग्राम अकावल्या से चींटीखेड़ा जाने वाले सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने भैरुंदा एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने सड़क पर लोहे का कबाड़ फैलाने, भैंस बांधने और वाहन खड़े करने से हो रही परेशानी की जानकारी देते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से किसान, स्कूली बच्चे और अन्य लोग रोजाना आते-जाते हैं। सड़क पर कबाड़ पड़ा होने से रास्ते से निकलने में परेशानी होती है। कई बार वाहनों के टायर पंचर होने की समस्या भी सामने आती है। वहीं, सड़क पर वाहन खड़े रहने से आवागमन में बाधा आती है। ज्ञापन में ग्राम अकावल्या निवासी बलराम यादव पर सड़क पर लोहे का कबाड़ फैलाकर रखने और भैंस बांधने की शिकायत की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित व्यक्ति को सड़क से कबाड़ हटाने के लिए समझाया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीण बद्री प्रसाद पंवार ने बताया कि इस रास्ते से स्कूली बच्चों सहित कई लोग रोजाना निकलते हैं। सड़क पर अतिक्रमण के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क के पास मुक्तिधाम स्थित है, जहां हड्डियों और चमड़े का ढेर लगा रहने से दुर्गंध फैलती है। इससे आसपास के लोगों को परेशानी होती है और बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क से अतिक्रमण हटवाने, मुक्तिधाम के आसपास सफाई कराने और रास्ते को आवागमन के लिए सुचारू बनाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में बद्री प्रसाद पंवार, बालाराम यादव, रामस्वरूप, लखनलाल, सीताराम, गोकुलप्रसाद, राकेश कीर, दीपक मेहरा, दीपक, राधेश्याम मेहरा, रामकृष्ण कुमार और संतोष कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।





करवा चौथ पर सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख पति की लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर भगवान गणेश और चौथ माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया और विधि-विधान से करवा चौथ की कथा सुनी। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाओं को चांद निकलने का इंतजार रहा। कई स्थानों पर बादल छाए रहने के कारण चांद के दर्शन देर से हुए। इसके चलते महिलाओं को रात तक इंतजार करना पड़ा। चांद दिखाई देने के बाद महिलाओं ने अर्घ्य देकर पति की लंबी उम्र की कामना की। इसके बाद पतियों के हाथों से पानी पीकर व्रत खोला।

करवा चौथ को लेकर शहर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। घरों में महिलाओं ने पूजा की तैयारी की। नवविवाहिताओं में इस पर्व को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। कई महिलाओं ने पहली बार अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा। शाम को पूजा के दौरान महिलाओं ने चौथ माता से परिवार की सुख-समृद्धि और पति के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। चंद्रमा के दर्शन के बाद महिलाओं ने चलनी से पहले चांद और फिर अपने पति का चेहरा देखा। इसके बाद पति की पूजा कर व्रत का समापन किया।

करवा चौथ पर महिलाओं में सजने-संवरने को लेकर भी खास उत्साह रहा। सुबह से ही शहर के ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने साड़ी, आभूषण, मेहंदी और सोलह श्रृंगार के साथ पर्व की तैयारी की। नवविवाहिताओं ने भी अपनी पसंद के कपड़े और आभूषण पहनकर पर्व मनाया। बाजार में साड़ी, चूड़ी, मेहंदी और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भी चहल-पहल रही।

पतियों ने भी खरीदे उपहार : करवा चौथ पर बाजार में महिलाओं के साथ पुरुषों की भी आवाजाही बनी रही। कई पति अपनी पत्नियों के लिए उपहार खरीदते दिखाई दिए। कपड़ों, आभूषणों और अन्य सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। पतियों ने अपनी पसंद के उपहार खरीदे और व्रत पूरा होने के बाद पत्नियों को भेंट किए।

चोरी गई मोटरसाइकिल को कब्जे से किया जब्त, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



सीहोर। फरियादी राकेश कहार पिता रामअवतार कहार उम्र 38 साल निवासी ग्राम गिल्लौर थाना भैरुंदा ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 22/10/2026 को मैंने अपनी काले रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक **MP**37**ZD**0442 को रात्रि करीबन 11.30 घर के बाहर खडी करके मैं सोने चला गया था अगले दिन दिनाक 23/10/2026 को सुबह करीबन 05.00 बजे जब मैं उठा तो मैंने देखा कि मेरे घर के बाहर खडी मेरी मोटरसाइकल नही थी। कोई अज्ञात चोर उसे चोरी कर ले गया था फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 636/2026 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी रौशन जैन के मार्गदर्शन में में टीम गठित की गई। टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही राहुल उईके पिता रामविलास उईके उम्र 30 साल निवासी ग्राम गिल्लौर से पूछताछ की गई जिसने मोटरसाईकल चोरी करना स्वीकार किया आरोपी से चोरी गई मोटरसाइकल **MP**37**ZD**0442 को जप्त कर आरोपी राहुल को गिरफ्तार न्यायालय पेश कर उपजेल भैरुंदा मे दाखिल किया गया ।

किसानों की बैठक स्थल को व्यापारियों ने बनाया पार्किंग जोन

कृषि उपज मंडी कार्यालय में नियमों को ताक पर रखकर हो रही बाइक चार्ज, कभी भी हो सकता बड़ा हादसा





हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

कृषि उपज मंडी कार्यालय के भीतर सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाने का एक मामला सामने आया है। गुरुवार को मंडी कार्यालय के एक कक्ष के भीतर लापरवाही की हदें पार करते हुए एक कर्मचारी द्वारा अपनी इलेक्ट्रिक/बैटरी चालित बाइक को चार्ज किया जा रहा था। सरकारी कार्यालय परिसर में इस तरह बिजली के बोर्ड से निजी वाहन चार्ज करना न केवल प्रशासनिक नियमों के विरुद्ध है, बल्कि इससे किसी बड़ी अनहोनी शॉर्ट सर्किट या आगजनी की आशंका भी बनी हुई है।

गौरतलब है कि सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित इस तरह के भारी वाहनों या बैटरियों को चार्ज करने पर स्पष्ट पाबंदी होती है। इसके बावजूद, जिम्मेदार कर्मियों द्वारा इस प्रकार की लापरवाही बरतना प्रशासनिक व्यवस्था पर कई बड़े सवाल खड़े करता है। जानकारों का कहना है कि दफ्तर के कमरों में इस तरह चार्जिंग करने से यदि कोई शॉर्ट सर्किट होता है, तो वहां रखे महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जलकर खाक हो सकते हैं।

जिम्मेदारों नहीं दे रहे ध्यान

मंडी परिसर जैसे सार्वजनिक और व्यस्त कार्यालय में इस प्रकार के अवैध कृत्य पर किसी भी वरिष्ठ अधिकारी की नजर न पड़ना या देखकर भी अनजान बन जाना उनकी कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर रहे है। स्थानीय नागरिकों और किसानों ने इस मामले में नाराजगी जताते हुए लापरवाह कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ।

किसानों की बैठक स्थल को व्यापारियों ने बनाया पार्किंग जोन : मंडी में अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों को बैठने के लिए कार्यालय प्रांगण में स्थल निर्धारित किया गया है , लेकिन यहां पर व्यापारी और कुछ कर्मचारी अपने वाहन खड़े कर रहे हैं। बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों और अन्य लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन मंडी प्रबंधन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

की जाएगी कार्रवाई

मंडी सचिव इछावर भाईजी प्रसाद कीर ने बताया कि मेरे नॉलेज में ऐसा मामला नहीं आया है यदि किसी कर्मचारी द्वारा कार्यालय में बाइक चार्ज कि जा रही है तोयह गलत है में जानकारी लेकर संबंधित कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई करूंगा।

करवा चौथ पर महिलाओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ रखा निर्जला व्रत

चांद के दीदार के लिए करना पड़ा लंबा इंतजार



रेहटी। गुरुवार को करवा चौथ का पर्व पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। हालांकि इस बार मौसम ने महिलाओं की थोड़ी परीक्षा जरूर ली। दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश के कारण महिलाओं को चांद के दर्शन के लिए रात तक लंबा इंतजार करना पड़ा।

गुरुवार को दिनभर निर्जला व्रत रखने वाली महिलाएं रात होते ही छतों पर चांद का इंतजार करने लगीं। रात करीब 9.45 बजे पहली बार चंद्रमा के दर्शन हुए, लेकिन कुछ ही देर में वह बादलों की ओट में छिप गए। इसके बाद रात 10 बजे चंद्रमा दोबारा कुछ देर के लिए नजर आया। बादलों के बार-बार आने-जाने और चांद के छिपने-निकलने का यह सिलसिला काफी देर तक चलता रहा।

छलनी से चांद और पति का चेहरा देखकर खोला व्रत : जैसे ही मौसम साफ हुआ और चांद दिखाई दिया, महिलाओं ने तुरंत पूजा शुरू कर दी। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने पहले छलनी से चंद्रमा को देखा और फिर अपने पति का चेहरा देखकर पूजा-अर्चना पूरी की। इसके बाद पतियों ने अपने हाथों से पानी पिलाकर अपनी पत्नियों का निर्जला व्रत खुलवाया।

चांदबड़ली में 64 लाख से बन रहा सेंटर, पेयजल दूषित होने व मक्खियों के प्रकोप की शिकायत

अब कचरे पर सियासतः एमआरएफ सेंटर के निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने रुकवाया काम

पूर्व विधायक गिरीश भंडारी पहुंचे मौके पर, विधायक मोहन शर्मा बोलेः जनहित के मुद्दों पर राजनीति उचित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर परिषद के कचरा प्रबंधन से जुड़ा मामला अब चांदबड़ली गांव में विवाद का विषय बन गया है। स्वच्छता मिशन के तहत करीब 64 लाख रुपए की लागत से चांदबड़ली स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में बनाए जा रहे मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर के निर्माण का गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध किया और काम रुकवा दिया। ग्रामीणों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के आसपास मक्खियों का प्रकोप बढ़ने, पेयजल स्रोतों का पानी दूषित होने की आशंका और कचरा जलने से निकलने वाले धुएं से परेशानी होने की शिकायत की। विरोध की सूचना मिलने पर नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक गिरीश भंडारी सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौके पर पहुंचे। वहीं, नगर परिषद के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों की आपत्तियां सुनीं और समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक निरीक्षण कराने का आश्वासन दिया। मामले में विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर के कचरे के संग्रहण और प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था के लिए एमआरएफ सेंटर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजा जाएगा। उन्होंने कहा कि



जनहित के मुद्दों पर राजनीति करना उचित नहीं है और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर समस्या का हल निकाला जाएगा।

सुबह कचरा लेकर पहुंचे वाहन, ग्रामीणों ने जताया विरोध

गुरुवार सुबह करीब 7 बजे नगर परिषद के सभी 15 वार्डों से गीला और सूखा कचरा एकत्रित कर वाहन चांदबड़ली स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। यहां एमआरएफ सेंटर का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान गांव के पूर्व सरपंच अनीश खान, समीर खान, सादिक खान, मोहम्मद सदीक सहित अन्य ग्रामीण और महिलाएं मौके पर पहुंच गईं। ग्रामीणों ने कचरा डालने और निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए विरोध किया, जिसके बाद काम रुकवा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड आबादी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, आसपास के घरों में मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है, पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका है और कचरा जलने से उठने वाला धुआं भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य और पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

पेयजल और भूमि चयन पर सवाल उठाए

ग्रामीणों के विरोध की जानकारी मिलने पर नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक गिरीश भंडारी मौके पर पहुंचे। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खुर्शीद मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश दला और पार्षद प्रतिनिधि लखन चैहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों की शिकायतों का समर्थन करते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्थिति, पेयजल स्रोतों और भूमि चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। पूर्व विधायक गिरीश भंडारी ने कहा कि चांदबड़ली में ट्रेंचिंग ग्राउंड पर स्थायी निर्माण होने से ग्रामीणों को प्रदूषण संबंधी परेशानी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में एसडीएम ने ग्रामीणों को वहां के पेयजल स्रोतों का पानी नहीं पीने की सलाह दी थी और पानी दूषित होने की शिकायत भी कचरे से जुड़ी है। भंडारी के अनुसार, ट्रेंचिंग ग्राउंड बनने से पहले ग्राम पंचायत स्तर पर भी आपत्तियां उठाई गई थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पटवारी की रिपोर्ट में आबादी क्षेत्र से संबंधित आपत्ति दर्ज थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने ग्रामीणों को एक दिन में स्थायी समाधान तलाशने का आश्वासन दिया है।

एमआरएफ सेंटर से नहीं होगी परेशानी

मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान और थाना प्रभारी जितेंद्र मवई भी पहुंचे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। इसके बाद निर्माण कार्य रोककर शुक्रवार को प्रशासनिक निरीक्षण के माध्यम से समस्या का समाधान तलाशने का आश्वासन दिया गया। बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने कांग्रेस पर कचरे के मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि राजस्व विभाग द्वारा नगर परिषद को आवंटित की गई है। भूमि आवंटन के समय दावा-आपत्ति की प्रक्रिया अपनाई गई थी या ग्राम पंचायत की ओर से कोई आपत्ति दर्ज कराई गई थी, इस संबंध में किए जा रहे दावों की पुष्टि आवश्यक है।

नियमों के अनुसार हो रहा निर्माण बाधा डालने पर कार्रवाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चौहान ने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए पूर्व में अपनाई गई प्रक्रिया और शासकीय मापदंडों के अनुसार एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति शासकीय निर्माण कार्य में व्यवधान पैदा करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद का कहना है कि एमआरएफ सेंटर का उद्देश्य गीले और सूखे कचरे का उचित प्रबंधन, उपयोगी सामग्री का पृथक्करण तथा कचरे से खाद बनाने जैसी प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना है। वहीं, ग्रामीणों की प्रमुख चिंता सेंटर के आसपास की आबादी, पेयजल स्रोतों और प्रदूषण से जुड़ी है।

किसान सम्मान निधि की 24वीं किश्त

बुरहानपुर के 59,547 किसानों के खातों में पहुंची राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किश्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,680 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी गई। बुरहानपुर जिले के 59,547 पात्र किसानों के खातों में 2,000 रुपए प्रति किसान के हिसाब से कुल 11 करोड़ 90 लाख 94 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा और सुना।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल 6,000 रुपए तीन किश्तों में दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत भी पात्र किसानों को हर साल अतिरिक्त 6,000 रुपए मिलते हैं। इस तरह दोनों योजनाओं को मिलाकर पात्र किसानों को सालाना कुल 12,000 रुपए की सहायता दी जाती है।

जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, पूर्व महापौर अतुल पटेल और डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

आज तीन घंटे रहेगा विद्युत प्रदाय बंद

नलखेड़ा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आज शनिवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नलखेड़ा पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रदाय अस्थायी रूप से बंद रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 33/11 केवी से जुड़े 11 केवी फीडर नलखेड़ा टाउन, देवी जी फीडर, कोर्ट फीडर, पिलवास सिंचाई फीडर, भैंसोदा सिंचाई फीडर, सामरी सिंचाई फीडर एवं धरौला सिंचाई फीडर का विद्युत प्रदाय मेंटनेंस समयावधि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगा। इस समय को आवश्यकतानुसार घटाया व बढ़ाया भी जा सकता है।

सांसद की पहल पर शिवाजी नगर ओवरब्रिज-अंडरपास की कवायद तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

शिवाजी नगर और चिंचाला क्षेत्र के 20 हजार से अधिक रहवासियों की वर्षों पुरानी ओवरब्रिज-अंडरपास की मांग पर अब तेजी से कार्रवाई हो रही है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की पहल पर लगातार तीसरे दिन रेलवे की तकनीकी टीम ने स्थल निरीक्षण किया।

शुक्रवार को मध्य रेलवे के सहायक मंडल अभियंता एच.ओ. मीना अपनी टीम के साथ शिवाजी नगर पहुंचे। सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटील और रेल समिति सदस्य मनोज सोनी के साथ उन्होंने करीब एक घंटे तक स्थल की नपती की और ओवरब्रिज व अंडरपास दोनों विकल्पों की तकनीकी संभावना परखी। क्षेत्रवासियों से चर्चा कर उनकी परेशानियां भी जानीं।

सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटील ने



अधिकारियों को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, बढ़ती आबादी और रेलवे क्रॉसिंग से होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील लंबे समय से इस मुद्दे को भुसावल और नागपुर में रेलवे बोर्ड की बैठकों में उठा रहे हैं। 27 अक्टूबर को डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने सांसद के साथ निरीक्षण किया था, 28 अक्टूबर को इंजीनियरों की टीम ने नपती की और 30 अक्टूबर को सहायक अभियंता एच.ओ. मीना ने विस्तृत निरीक्षण किया। लगातार तीन चरणों के निरीक्षण से स्थायी समाधान की उम्मीद बढ़ी है। निरीक्षण के दौरान वामन मोटे, राजू पाटीदार, दिलीप दिवेकर, जोतिबा धड़स सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमिका निभा रहीं प्रस्फुटन समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में शुक्रवार को नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा कयामपुर सेक्टर में नवांकुर योजना अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण (प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान) आयोजित किया गया। सेक्टर कयामपुर की सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के साथ प्रशिक्षण आयोजित कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रशिक्षण में विकासखंड समन्वयक श्री नारायणसिंह निनामा ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को दस्तावेज, बैनर, बोर्ड के साथ अपडेट रहना होगा। शासन और जनता के मध्य मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सेतु का काम कर रहा है। शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में आप सभी अहम भूमिका निभाएं। परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने कहा कि शासन की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करने में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के माध्यम से साइबर क्राइम को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है, इसके बारे में भी विद्यार्थी प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कयामपुर के अध्यक्ष विनय शर्मा, पवन सेठिया, दिलीप भटनागर, दिलीप कुमार जैन, डॉ. नरेंद्र लक्षकार, अभिषेक सेठिया, रामनारायण विश्वकर्मा, महेश सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, सीएम इंटर्न धारणा गंधर्व सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन दिलीप भटनागर ने किया व आभार विनय शर्मा ने माना।

नेपानगर में आदिवासियों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया

कहाः वन विभाग कुएं खोदने से रोक रहा, कई पात्र परिवारों को वनाधिकार पट्टे नहीं मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

जिले के नेपानगर में शुक्रवार दोपहर बाकड़ी, मांडवा और आसपास के गांवों से आदिवासी समाज के लोग वनाधिकार पट्टों समेत अन्य मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारी पहले नेहरू स्टेडियम मैदान में जुटे। इसके बाद नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम सृजन श्रीवास्तव जन विश्वास शिविर में गए थे, इसलिए वे कार्यालय में नहीं मिले।

विश्वास शिविर में गए थे, इसलिए वे कार्यालय में नहीं मिले। तहसीलदार गजानन वास्कले ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। हालांकि, आदिवासी समाज के लोग एसडीएम को ही ज्ञापन देने पर अड़े रहे। प्रदर्शन को देखते हुए कार्यालय



में पुलिस बल भी तैनात रहा।

पात्र परिवारों को पट्टे नहीं मिलने का आरोपः आदिवासी एकता संगठन के कार्यकर्ता रतन खरते ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत कई पात्र आदिवासी परिवारों को अब तक पट्टे नहीं मिले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही जगह पर एक व्यक्ति को वन भूमि का पट्टा मिल गया, जबकि वर्षों से उसी भूमि पर काबिज दूसरा व्यक्ति पट्टे से वंचित है। खरते ने कहा कि वे मौके पर जांच कराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अधिकारियों से मांडवा और बाकड़ी गांव पहुंचकर स्थिति देखने की मांग की। उनका कहना था कि एसडीएम के आकर जवाब देने तक वे वहीं बैठे रहेंगे, चाहे इसके लिए 10 दिन ही क्यों न लग जाएं।

मां बगलामुखी दरबार में सुंदरकांड का पाठ कर विशाल कन्या भोज व भंडारा कराया, हजारों कन्याओं ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में नवरात्र के अवसर पर मां बगलामुखी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बुधवार को वार्ड क्रमांक 14 में गायत्री शक्तिपीठ के समीप स्थित मां बगलामुखी दरबार में विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

दोपहर 4 बजे से शुरू हुआ आयोजन रात 11 बजे तक चला। इसमें हजारों कन्याओं ने प्रसादी ग्रहण की, वहीं बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भी भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण



की।आयोजन के एक दिन पूर्व मंगलवार रात को दरबार में सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बुधवार को कन्या भोज एवं भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

विधायक ने की दरबार की साज-सज्जा की सराहना

भंडारे में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने नवरात्र के दौरान मां बगलामुखी दरबार में की गई आकर्षक साज-सज्जा की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। विधायक शर्मा ने कहा कि हर वर्ष कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन करना सराहनीय पहल है। इस धार्मिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने वाले समिति के सदस्य, आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालु और सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोग प्रशंसा के पात्र हैं।

महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

करवा चौथ के अवसर पर पंजाबी महिला विकास समिति, बुरहानपुर द्वारा पारंपरिक उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। कार्यक्रम कंचन सलूजा के निज निवास पर आयोजित हुआ।

समिति की महिलाओं ने सुंदर पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर सहभागिता की। महिलाओं ने पूजा की थालियां सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व पति की दीर्घायु की कामना की। पूरे आयोजन में भारतीय संस्कृति और आपसी



सौहार्द की झलक देखने को मिली। समिति की अध्यक्ष कंचन सलूजा ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को एकजुट करने और भारतीय संस्कृति व पारंपरिक त्योहारों के महत्व को बनाए रखने का संदेश देते हैं।

सचिव पम्मी बिंद्रा ने कहा कि करवा चौथ प्रेम, विश्वास, समर्पण और पारिवारिक खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देता है। कार्यक्रम में पंजाबी समाज सहित अन्य हिंदू समाज की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं।

दिवाली का सीजन नजदीक होने से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी

अव्यवस्थित वाहन खड़े रहने से राहगीरों व व्यापारियों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

अव्यवस्थित यातायात दिनोंदिन बिगड़ती जा रही व्यवस्था से परिणाम यह कि राहगीरों को जाम जैसी परेशानी भुगतना पड़ता है।लेकिन जिम्मेदार प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर में आए दिन लगने वाले जाम से आमजन, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इन दिनों किसानों की फसल मंडी में आने के कारण ट्रैक्टरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे दुपहिया वाहनों सहित अन्य वाहन चालकों को जाम में फंसना पड़ रहा है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे सब्जी मंडी क्षेत्र में लगभग 20 से 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी हुई। वहीं, इंदर चौराहे से अस्पताल परिसर के



सामने तक दुकानों के बाहर अव्यवस्थित तरीके से खड़े दुपहिया वाहनों के कारण भी यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क पर जगह कम होने से चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

दिवाली पर बढ़ेगी परेशानी व्यापारियों को भी चिंता

दिवाली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी तेज होंगी। वर्तमान में ही यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है, तो त्योहार के दौरान हालात और अधिक खराब होने की आशंका है। जाम के कारण व्यापारियों को भी अपना माल लाने-ले जाने और ग्राहकों तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आखिर कब जागेगा प्रशासन

नगरवासियों का सवाल है कि आखिर जिम्मेदार प्रशासन यातायात व्यवस्था को लेकर कब गंभीर होगा? सब्जी मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टरों की आवाजाही को व्यवस्थित करने, प्रमुख मार्गों पर अव्यवस्थित पार्किंग रोकने तथा इंदर चैराहे से अस्पताल परिसर अटल चौक तक यातायात सुचारू रखने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो दिवाली के दौरान नगरवासियों और व्यापारियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. सुधीर रायजादा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं के मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व, उनकी तैयारी एवं उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाएं



युवाओं के लिए सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन एवं निरंतर प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिलीप सिंह ने छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे वढरउ, टढढरउ, बैंकिंग, रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग एवं अन्य शासकीय सेवाओं की परीक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा की चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, तैयारी की रणनीति, अध्ययन सामग्री एवं समय प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साथ ही छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

खबर संक्षेप

सीहोर में निकलेगी 'रन फॉर यूनिटी

सीहोर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में जिले में 'एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी)' का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ प्रातः 8:30 बजे शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित है। कार्यक्रम के सफल आयोजन, व्यवस्थाओं एवं समन्वय के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। एकता दौड़ के लिए अनुविभागीय अधिकारी श्री तन्मय वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं प्राचार्य रोहिताश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी शशि शर्मा एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की राधिका दिवान को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। दौड़ एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी रूपश्री नागर को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस सुविधा तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

सीहोर। मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. अनुपम राजन ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं, समस्याओं और शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समस्याओं के निराकरण एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। डॉ. राजन ने महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ से विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा की।

ग्राम मैना में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता संपन्न

प्रतियोगिता में 13.640 लीटर दूध देने वाली गाय ने जीता एक लाख का प्रथम पुरस्कार

प्रदेश सरकार द्वारा घोषित वृंदावन ग्राम में,वृंदावन जैसी मिलेगी सभी सुविधाएं। विधायक गोपाल इंजीनियर ने किया पशुपालकों का उत्साहवर्धन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और पशुपालकों को उन्नत पशुपालन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मप्र सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वृंदावन ग्राम घोषित किये है । आष्टा में ग्रसम मैना को वृंदावन ग्राम बनाया है । मैना में पशुपालन विभाग सीहोर के तत्वावधान में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार कार्यक्रम एवं दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में ग्राम वृंदावन ग्राम मैना के गौपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरुष्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सरस्वती जी की एवं गौमाता का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में गायों के प्रतिदिन के दुग्ध उत्पादन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन कर गौपालकों ने पशुपालन के प्रति अपनी मेहनत, लगन और समर्पण का परिचय दिया। मैना ग्राम के गौपालक मुकेश कुमार वर्मा की देशी गाय ने 13.640 लीटर दूध दे कर एक लाख का प्रथम पुरुष्कार जीत वही प्रतियोगिता में शामिल संतोष कुमार को 51 हजार का द्वितीय और पंकज जी को 25 हजार का तृतीय पुरुष्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ग्राम के गौपालक मुकेश कुमार वर्मा की गाय ने प्रतिदिन 13.640 लीटर दूध देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं संतोष कुमार की गाय ने प्रतिदिन 12.320 लीटर दूध देकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें 50 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार पंकज जी की गाय ने प्रतिदिन 12.092 लीटर दूध उत्पादन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, पशुओं की बेहतर देखभाल करने तथा पशुपालन को आय का मजबूत साधन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने सभी विजेताओं को बधाई दी व सभी से आव्हान किया कि हर घर मे गाय पाले ओर गौसेवा करे ।भाजपा की डॉ मोहन यादव की सरकार ने जो वृंदावन ग्राम घोषित किये है,हमारे यह मैना को वृंदावन ग्राम घोषित किया है इस ग्राम में वो सब सुविधाएं होगी जो वृंदावन में है। यहा एक बड़ी सर्वसुविधा युक्त गौशाला बनेगी।

विधायक इंजीनियर ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि 30 अक्टूबर को खाचरौद से नर्मदा मैय्या का क्षेत्र में आगमन हो रहा है,अब हर खेत तक किसानों को भरपूर पानी मिलेगा । हमारा अन्नदाता अब दो के स्थान पर तीन फसल ले सकेंगे,उनकी आय बढ़ेगी,ओर मेरा किसान खुशहाल होगा ।आष्टा के 227 ग्रामो तक नर्मदा का जल खेतो तक पहुचेगा जिससे 75 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी । वही क्षेत्र के 288 ग्रामो में नर्मदा का पीने का जल भी पहुचाने की तैयारी है ।मैना में विकास के कई कार्य हो गये है,कई कार्य होने वाले है । 15 करोड़ से मैंना तिलावद रोड ने मैंना का नक्सा ही बदल दिया है । हम सब को मिल के मोदी जी के सपने को विकसित भारत बना कर साकार करना है,डॉ मोहन यादव जी के सपने को मप्र को विकसित प्रदेश बना कर साकार करना है । कार्यक्रम को भाजपा नेता धर्मसिंह आर्य,सोनू गुणवान, सुनील आर्य एवं सुशील संचेती ने संबोधित कर पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन किसानों और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं पशुपालकों को बेहतर नस्ल, अधिक दुग्ध उत्पादन और आधुनिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। वक्ताओं ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी गौपालकों की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी तथा पशुपालन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने का आह्वान किया। डॉ विनोद शुक्ला ने एवं कृषि विभाग के अन्य वक्ताओं ने पशुपालन एवं कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी । कार्यक्रम में पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. विनोद शुक्ला, डॉ. डी.के. मालवीय, डॉ. राजेंद्र कलमोडिया, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी प्रेम सिंह वर्मा, अजय जवलाया, समित कुमार,हुक्कम कोठारी, डॉ. सतीश पाटीदार,यशवंत बारोड,मुकेश वर्मा,संतोष बारोड, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्रामीण,पशुपालक,जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लखन वर्मा ने किया, आभार सरपंच प्रतिनिधि धीरज पटेल ने व्यक्त किया। आयोजन में उपस्थित गौपालकों एवं ग्रामीणों ने प्रतियोगिता की सराहना की। आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन को प्रोत्साहन देने और दुग्ध उत्पादन के प्रति जागरूकता बढ़ाने संदेश दिया।

किसी भी संस्थान की रीढ़ होते हैं कर्मचारी: मेवाड़ा

नपा के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका के सभाकक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नगरपालिका के तीन समर्पित कर्मचारी सहायक राजस्व निरीक्षक मोहम्मद इसरार, वरिष्ठ फायर ब्रिगेड वाहन चालक शिवलाल यादव और फिल्टर प्लांट भृत्य धरमसिंह वर्मा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के उपरांत नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति की उपस्थिति में सेवानिवृत्त कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि सरकारी सेवा में आना और अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए एक निश्चित समयावधि के बाद स्वस्थ और सम्मानजनक विदाई पाना बहुत ही सौभाग्य की बात है। आप तीनों कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान जिस निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और समर्पण के साथ नगरपालिका तथा नगर की जनता की सेवा की है, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। किसी भी संस्थान की रीढ़ उसके कर्मचारी होते है और इन साथियों ने अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा सर्वोपरि रखा। मेरी व नगरपालिका परिवार की ओर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ जीवन और उज्जवल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं देता हूं। समारोह के दौरान अतिथियों ने सेवानिवृत्त हुए तीनों कर्मचारी मोहम्मद इसरार, शिवलाल यादव और धरमसिंह वर्मा को पुष्पमाला पहनाकर तथा शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, अतीक कुरैशी, एल्डरमेन डॉ. चंदा वोहरा, तोषनारायण भूतिया, शिवलाल प्रजापति, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, लेखापाल यश कौशल, अनिरूद्ध नागर, मनीष श्रीवास्तव, गबू सोनी, अरूण श्रीवास्तव, सीएमएम महेन्कमरूद्दीन खां, जगदीश वर्मा, अजय द्विवेदी, दीपाली सोलंकी, नारायणसिंह मालवीय, विनोद सांगते, बाबूलाल जाटव, सुभाष सिसौदिया, रमेश यादव, मनोहर विश्वकर्मा, लखन वर्मा, कैलाश घेंघट, कैलाश बागवान सहित बड़ी संख्या में नपा अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के परिजन मौजूद थे।

विप्र वैदिक मंडल ने बैठक में त्यौहरों को लेकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विप्र वैदिक मंडल की बैठक सम्पन्नस्थानीय रामेश्वर महादेव मंदिर सांचौरा कॉलोनी आष्टा में विप्र वैदिक मंडल की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें संतोष शर्मा को बैठक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उसके बाद विप्र वैदिक मंडल के अध्यक्ष मनीष पण्ड्या ने सोशल मीडिया पर भ्रामक तरीके से तिथियों का भ्रम फैलाया जा रहा है जो कि सनातन धर्म के अनुसार गलत है।

मंडल ने यहां भी निर्णय लिया कि उज्जैन द्वारा नारायण विजय पंचांग में तिथि, त्यौहार भी उसी के अनुसार मनाना चाहिए जो पंचांग में दिया गया है। इसके ऊपर मंडल ने प्रकाश डाला। अगला आने वाला जो त्यौहार है जैसे दीपावली पर्व भी मंडल ने यह निर्णय लिया कि 6 नवंबर शुक्रवार को धनतेरस मनाई जाएगी। 7 नवंबर शनिवार को रूप चतुर्दशी, 8 नवंबर रविवार को शुभदपावली शुभ मुहर्त में अपनी अपनी परंपरा अनुसार मनाई जाएगी। वैदिक मण्डल के संस्थापक राम भरोसे शर्मा ने बताया कि चतुर्दशी की सुबह 11 बजकर 58 मि से अमावस्या तिथि आरम्भ हो जाएगी। प्रदोष काल शाम 5.40 से 8.17 तक है। जिसमें लक्ष्मी पूजन की जाएगी।

दीपावली की रात मां लक्ष्मी जी पृथ्वी पर विचरण करती है। इस वजह से इसे महारात्री कहा जाता है। सोमवार प्रतिपदा 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा, अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। कल रात्रि का स्नेह भोज बैठक श्री रामेश्वर महादेव मंदिर आष्टा पर पण्डित रघुनंदन शर्मा की ओर से रखा गया था। जिसमें बैठक का आभार श्री राजेश जी शर्मा ने माना। बैठक में उपस्थि दुर्गाप्रसाद शर्मा, भरत व्यास, लखनलाल अग्निहोत्री, नंदकिशोरशर्मा, राजेंद्र पाठक, विजय पण्डिया, विनोद भारद्वाज आदि सदस्य उपस्थित रहे।

खराब मौसम में भी नहीं डिगी करवाचौथ पर सुहागिनों की आस्था, चांद के दीदार के लिए किया देर रात तक इंतजार





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ करवाचौथ का निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं को आष्टा में चंद्रदेव के दर्शन नहीं हो सके। शाम से देर रात तक महिलाएं चांद निकलने का इंतजार करती रहीं, लेकिन खराब मौसम और घने बादलों ने चांद को ढके रखा, आखिरकार कई महिलाओं ने दूसरे शहरों में रहने वाले परिजनों को वीडियो कॉल कर चंद्रदेव के दर्शन किए और पूजा-अर्चना के बाद अपना व्रत खोला। करवाचौथ का पर्व महिलाओं के लिए आस्था, विश्वास और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। परंपरा के अनुसार, शाम को चंद्रमा के दर्शन करने और अर्घ्य देने के बाद ही व्रत खोला जाता है। लेकिन आष्टा और आसपास के शहरों में मौसम ने महिलाओं की इस परंपरा के सामने मुश्किल खड़ी कर दी।

देर तक नही निकला चांद

शाम होते ही महिलाएं सज-संवरकर पूजा की तैयारियों में जुट गईं, पूजा की थाली सजाई गई और सभी को चांद निकलने का इंतजार था। शाम करीब सात बजे से ही महिलाएं आसमान की ओर टकटकी लगाए रहीं, कई बार घरों की छतों पर जाकर चांद देखने की कोशिश की गई, लेकिन घने बादलों के कारण चंद्रमा नजर नहीं आया, देर रात तक इंतजार के बावजूद जब चांद के दर्शन नहीं हुए तो महिलाओं ने तकनीक का सहारा लिया। हालांकि 11 बजे के लगभग चंद्र दर्शन हुए वो भी महज कुछ मिनटों के लिए फिर चंद्रमा बादलों में छिप गए, जिससे सुहागिन महिलाओं को अपना व्रत छोड़ने के लिए अन्य धार्मिक उपाय का प्रयोग करना पड़ा। आष्टा की रहने वालीं वर्षा सोनी और रोशनी सोनी, रेखा पांचाल, सविता मुकाती,पिंकी मुकाती ने बताया कि करवाचौथ का व्रत उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सुबह से निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना की थी। शाम को चांद निकलने का बेसब्री से इंतजार किया, लेकिन मौसम खराब होने के कारण दर्शन नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने दूसरे शहर में रहने वाली अपनी बहन को वीडियो कॉल किया या मोबाइल स्क्रीन पर चंद्रदेव के दर्शन कर पूजा की या फिर चंद्रमा की दिशा में अपने पतियों की पूजा-अर्चना के बाद व्रत खोला।

मोबाइल का लिया सहारा

शहर में कई अन्य महिलाओं ने भी इसी तरह मोबाइल फोन का सहारा लिया, किसी ने दूसरे शहर में रहने वाले रिश्तेदारों से वीडियो कॉल की, तो किसी ने चांद के दर्शन कराने वाले परिचितों की मदद ली। मौसम की बेरुखी के बावजूद महिलाओं की आस्था कम नहीं हुई।

सत्य सनातन स्वाभिमान पद यात्रा का कैलाश परमार ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विजयदशमी के पर्व से उज्जैन से अयोध्या तक पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अगुवाई में निकाली जा रही 950 किलोमीटर तक सत्य सनातन स्वाभिमान का राजगढ़ पहुँचने के पहले पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने अपने मित्रमंडल के साथ स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने यात्रा के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर करोडो लोगो ने श्रद्धा और विश्वास के साथ समर्पण किया।

राम मंदिर निर्माण के लिए देश भर के लोगो ने दान दिया। ऐसे में चंदा चोरी से राम भक्तो की आस्था पर ठेस पहुँची हैं। धर्म के नाम पर नफरत और कटुता फैलाना सनातन धर्म की मूल भावना के विपरीत हैं।

कैलाश परमार ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि उन्होने पूर्व में मॉ नर्मदा की 3300 किलोमीटर की पद्यात्रा की और अब उज्जैन से अयोध्या तक 950 किमी की यात्रा कर रहे हैं। श्री सिंह सच्चे सनातनी व हिंदू धर्म के सच्चे अनुयायी हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी एवं इंटक नेता बीएस वर्मा, जिला कांग्रेस मिडिया प्रभारी पल्लव प्रगति, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष कमल सेठ, सचिव अर्जुन सिंह अजय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चर्तुभुज तोमर, युवा कांग्रेस नेता नवाब भैया मियॉ आदि मौजूद थे।

विधायक कार्यालय में जनसुनवाई में आए लोगों की सुनी समस्याएं

मिली शिकायतों को जल्द हल करने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्रो से आये क्षेत्र वासियों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से भेंट कर अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 11 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। बुधवार को प्रातः 11 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं,मांगो का जल्द निराकरण होगा। जो मांग शासन स्तर की है उन्हें वे शासन तक पहुँचाऊँगा। जनसुनवाई मे जो आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों, मांगो और आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्तिथ हुए।

करवा चौथ पर बादलों ने डाली खलल, देर रात हुए चांद के दीदार, महिलाओं ने खोला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





गुरुवार को सुहागिनों का सबसे बड़ा पर्व करवा चौथ पर मौसम ने खलल डाल दी। दिनभर आसमान में बादल छाए रहने और रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण चांद का दीदार देर से हुआ। चांद के इंतजार में महिलाओं को देर रात तक छतों पर इंतजार करना पड़ा। सुबह से ही महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। दिनभर बिना अन्न-जल के व्रत रखने के बाद शाम को सभी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर एकत्रित होकर करवा चौथ की कथा सुनी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद से ही महिलाएं छतों पर चांद निकलने का इंतजार करती रहीं। हर साल जहां 8:30 से 9 बजे तक चांद के दर्शन हो जाते हैं, वहीं इस बार बादलों के कारण चांद रात 10:50 बजे दिखाई दिया। चांद दिखते ही महिलाओं के चेहरों पर खुशी लौट आई। महिलाओं ने छलनी से चंद्रमा और अपने पति के दर्शन कर अर्घ्य दिया, पूजा की और पति की लंबी उम्र की कामना के साथ व्रत खोला। पति ने पत्नी को पानी पिलाकर व्रत तुड़वाया। इस दौरान नवविवाहित जोड़ों में खासा उत्साह देखने को मिला। पहली बार करवा चौथ का व्रत रखने वाली नवविवाहित महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ पूजा की। वहीं बुजुर्ग जोड़ों ने भी एक-दूसरे के साथ इस पर्व को बड़े ही प्यार और आस्था के साथ मनाया। शहर से लेकर गांव तक हर घर की छत पर करवा चौथ की रौनक देखने को मिली।